**प्रेस विज्ञप्ति**

# इरेडा ने "साइबर जागरुकता दिवस" मनाया






नई दिल्ली, 06 अक्टूबर, 2022

इरेडा के सभी कर्मचारियों के बीच साइबर सुरक्षा जागरूकता पैदा करने के लिए, भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज "साइबर जागरुकता दिवस" मनाया।

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) ,श्री प्रदीप कुमार दास ने इरेडा के निदेशक (तकनीकी), श्री चिंतन शाह, इरेडा की सीवीओ, श्रीमती मनीषा सक्सेना और कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर, सूचना सुरक्षा सलाहकार, एकेएस आईटी सर्विसेज, श्री आलोक कुमार ने साइबर हाइजिन की प्रैक्टिस पर इरेडा के कर्मचारियों के साथ अपने विचार साझा किया ।

यह साइबर जागरुकता दिवस, गृह मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक पहल है और इससे सभी सरकारी संगठनों को साइबर सुरक्षा जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। यह हर महीने के पहले बुधवार को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य साइबर धोखाधड़ी और साइबर अपराधों से बचाव के लिए इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को जागरूकता पैदा करना और संवेदनशील बनाना है।

